अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

# दृष्टि IAS / PCS ACADEMY

at a glance...

## Daily Top News Analysis

# DAILY CURRENT AFFAIRS

## 30 JULY, 2022

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

**Q.1 हाल ही में किस संस्थान के इनक्यूबेशन सेंटर द्वारा निर्माण एक्सेलेरेटर कार्यक्रम शुरू किया गया ?**

(a) आईआईटी मद्रास (b) आईआईटी दिल्ली
(c) आईआईटी कानपुर (d) आईआईटी मुंबई

**Ans- (c) आईआईटी कानपुर**

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से आईआईटी कानपुर प्रौद्योगिकी व्यवसाय इनक्यूबेटर स्टार्टअप इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर द्वारा निर्माण एक्सेलेरेटर कार्यक्रम शुरू किया गया है। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य सेवा ओर कृषि में विनिर्माण स्टार्टअप्स को प्रोटोटाइप-टू-मार्केट चुनौतियों से उबरने में मदद करेगा।

**Q.2 पहली खेलों इंडिया फेंसिंग विमेंस लीग 25-29 जुलाई, 2022 तक कहां शुरू हुई ?**

(a) मुंबई (b) नई दिल्ली
(c) अहमदाबाद (d) भुवनेश्वर

**Ans- (b) नई दिल्ली**

पहली खेलों इंडिया फेंसिंग विमेंस लीग 25-29 जुलाई तक तालकटोरा इंडोर स्टेडियम नई दिल्ली में शुरू हुई। यह महिलाओं के लिए अपनी तरह की पहली राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता है और यह तीन चरणों में आयोजित की जाएगी। इस आयोजन में 12 राज्यों की लगभग 300 महिलाएं भाग लेगी। लीग में सीनियर वर्ग सेबर स्पर्धा में भवानी देवी भी हिस्सा लेंगी।

**Q.3 किस राज्य के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गुरुग्राम में स्मार्ट ई- बीट की शुरुआत की है ?**

(a) राजस्थान (b) हरियाणा
(c) गुजरात (d) उत्तरप्रदेश

**Ans- (b) हरियाणा**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गुरुग्राम में स्मार्ट ई- बीट की शुरुआत की। पुलिस के 119 मोटरसाइकिल राइडर शहर के चप्पे-चप्पे की निगरानी करेंगे। उन्होंने इस सिस्टम से जुड़े पुलिस के 119 मोटरसाइकिल राइडर को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**Q.4 CRPF ने 27 जुलाई 2022 को अपना कौन सा स्थापना दिवस मनाया है?**

(a) 85वां (b) 83 वां
(c) 84 वां (d) 81 वां

**Ans- (c) 84 वां**

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने 27 जुलाई 2022 को अपना 84वां स्थापना दिवस मनाया। यह दिन राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता को बनाए रखने में बल के अपार और अद्वितीय योगदान का जश्न मनाता है।

**Q.5 केंद्रीय मंत्रिमंडल ने BSNL के पुनरुद्धार के लिए कितने लाख करोड़ रुपये के पैकेज को मंजूरी प्रदान की है?**

(a) 1.64 लाख करोड़ (b) 1.20 लाख करोड़
(c) 1.44 लाख करोड़ (d) 1.60 लाख करोड़

**Ans- (a) 1.64 लाख करोड़**

सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल में जान फूंकने के लिए केंद्र सरकार ने 1.64 लाख करोड़ रुपये की भारी भरकम पैकेज को स्वीकृति दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में यह फैसला किया गया। पैकेज में से 44000 करोड़ रुपये नकदी के तौर पर कंपनी को उपलब्ध कराया जाएगा। जबकि शेष बची 1.20 लाख करोड़ रुपये की राशि अगले चार वर्षों के दौरान मुहैया कराई जाएगी।

**Q.1 Recently which institute's Incubation Center has started the Nirman Accelerator program?**

(a) IIT Madras (b) IIT Delhi
(c) IIT Kanpur (d) IIT Mumbai

**Ans- (c) IIT Kanpur**

The Manufacturing Accelerator program has been launched by the Startup Incubation and Innovation Center, a IIT Kanpur technology business incubator in collaboration with the Department of Science and Technology. The program will help manufacturing startups in healthcare and agriculture overcome prototype-to-market challenges.

**Q.2 Where did the first Khelo India Fencing Women's League start from July 25-29, 2022?**

(a) Mumbai (b) New Delhi
(c) Ahmedabad (d) Bhubaneshwar

**Ans- (b) New Delhi**

The first Games India Fencing Women's League started from 25-29 July at Talkatora Indoor Stadium, New Delhi. It is the first of its kind national fencing competition for women and will be conducted in three phases. Around 300 women from 12 states will participate in this event. Bhavani Devi will also participate in the senior category Saber event in the league.

**Q.3 The Chief Minister of which state, Manohar Lal Khattar has launched Smart E-Beat in Gurugram?**

(a) Rajasthan (b) Haryana
(c) Gujarat (d) Uttar Pradesh

**Ans- (b) Haryana**

Haryana Chief Minister Manohar Lal Khattar launched Smart E-beat in Gurugram. 119 motorbike riders of the police will patrol the entire city. He flagged off 119 motorcycle riders of the police connected with this system.

**Q.4 Which of its Raising Day is celebrated by CRPF on 27th July 2022?**

(a) 85th (b) 83rd
(c) 84th (d) 81st

**Ans- (c) 84th**

The Central Reserve Police Force (CRPF) celebrated its 84th Raising Day on 27 July 2022. The day celebrates the immense and unique contribution of the force in maintaining the unity, integrity and sovereignty of the nation.

**Q.5 The Union Cabinet has approved a package of how many lakh crore rupees for the revival of BSNL?**

(a) 1.64 lakh crore (b) 1.20 lakh crore
(c) 1.44 lakh crore (d) 1.60 lakh crore

**Ans- (a) 1.64 lakh crore**

The Central Government has approved a massive package of Rs 1.64 lakh crore to revive the public sector telecom company BSNL. This decision was taken in the cabinet meeting chaired by Prime Minister Narendra Modi. Out of the package, Rs 44000 crore will be made available to the company as cash. While the remaining amount of Rs 1.20 lakh crore will be provided during the next four years.

**Q.6 राष्ट्रमंडल खेलों के उद्घाटन समारोह के लिए भारतीय दल का ध्वजवाहक किसे बनाया गया है?**

(a) नीरज चोपड़ा (b) उषा रानी
(c) पीवी सिंधु (d) पीटी उषा

**Ans- (c) पीवी सिंधु**

शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु को राष्ट्रमंडल खेलों के उद्घाटन समारोह के लिए भारतीय दल का ध्वजवाहक बनाया गया। ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा को ध्वजवाहक बनाने की उम्मीद थी लेकिन विश्व चैम्पियनशिप में लगी 'ग्रोइन' चोट के कारण उन्हें राष्ट्रमंडल खेलों से हटने के लिये बाध्य होना पड़ा।

**Q.7 RBI ने IDBI Bank के लिए बोलीदाताओं को कितने प्रतिशत से अधिक के स्वामित्व की अनुमति प्रदान की है?**

(a) 40% (b) 45%
(c) 60% (d) 52%

**Ans- (a) 40%**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गैर-वित्तीय संस्थानों और गैर-विनियमित इकाइयों को आईडीबीआई बैंक में 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी देने के केंद्र के आग्रह को संभवत: स्वीकार कर लिया है। केंद्र रणनीतिक विनिवेश प्रक्रिया के जरिये इस बैंक में 51 से 74 फीसदी हिस्सेदारी बेचने के बारे में विचार कर रहा है।

**Q.8 किस मंत्रालय ने 'आईडेक्स' नामक एक ढांचे के तहत रक्षा नवाचार के लिए 100 वें अनुबंध पर हस्ताक्षर किए है ?**

(a) आयुष मंत्रालय (b) वित्त मंत्रालय
(c) रक्षा मंत्रालय (d) जल मंत्रालय

**Ans- (c) रक्षा मंत्रालय**

रक्षा मंत्रालय ने 'आईडेक्स' नामक एक ढांचे के तहत रक्षा नवाचार के लिए 100 वें अनुबंध पर हस्ताक्षर किए, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2018 में शुरू किया था।

**Q.9 किस मंत्री के द्वारा भारतीय राष्ट्रपतियों की दुर्लभ तस्वीरों को प्रदर्शित करने वाली पुस्तकों का विमोचन किया है?**

(a) अमित शाह (b) नरेंद्र मोदी
(c) नितिन गडकरी (d) अनुराग ठाकुर

**Ans- (d) अनुराग ठाकुर**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने तीन पुस्तकों का विमोचन किया। जिसमें निवर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और उनके पहले के राष्ट्रपतियों की कुछ दुर्लभ तस्वीरों को प्रदर्शित किया गया है। राष्ट्रपति भवन के तरफ से किए गए एक ट्वीट के अनुसार, राष्ट्रपति भवन में एक समारोह के दौरान पुस्तकों का विमोचन किया गया।

**Q.10 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2022 में भारत किस स्थान पर है?**

(a) 35 वें (b) 26 वें
(c) 33 वें (d) 31 वें

**Ans- (c) 33 वें**

विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2022 समाप्त हो चुकी है, जिसका आयोजन संयुक्त राज्य अमेरिका के यूजीन और ओरेगोन में हुआ। यह चैंपियनशिप का 18वां संस्करण था। अमेरिका के खिलाड़ियों ने चैंपियनशिप में बहुत धमाल मचाया और पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। उसने कुल 33 पदक अपनी झोली में डाले। अमेरिका ने सबसे ज्यादा गोल्ड (13), सिल्वर (9) और ब्रॉन्ज (11) मेडल अपने नाम किए।

**Q.6 Who has been made the flag bearer of the Indian contingent for the opening ceremony of the Commonwealth Games?**

(a) Neeraj Chopra (b) Usha Rani
(c) PV Sindhu (d) PT Usha

**Ans- (c) PV Sindhu**

Top badminton player PV Sindhu was made the flag bearer of the Indian contingent for the opening ceremony of the Commonwealth Games. Olympic champion Neeraj Chopra was expected to be made the flag bearer but was forced to pull out of the Commonwealth Games due to a groin injury sustained at the World Championships.

**Q.7 RBI has allowed the bidders to own more than what percentage for IDBI Bank?**

(a) 40% (b) 45%
(c) 60% (d) 52%

**Ans- (a) 40%**

The Reserve Bank of India (RBI) is likely to accede to the Centre's request to allow non-financial institutions and non-regulated entities to buy more than 40 per cent stake in IDBI Bank. The Center is looking to sell 51 to 74 per cent stake in the bank through a strategic disinvestment process.

**Q.8 Which ministry has signed the 100th contract for defense innovation under a framework called 'IDEX'?**

(a) Ministry of AYUSH (b) Ministry of Finance
(c) Ministry of Defense (d) Ministry of Water

**Ans- (c) Ministry of Defense**

The Defense Ministry signed the 100th contract for defense innovation under a framework called 'Idex', which was launched by Prime Minister Narendra Modi in 2018.

**Q.9 Which minister has released books displaying rare photographs of Indian Presidents?**

(a) Amit Shah (b) Narendra Modi
(c) Nitin Gadkari (d) Anurag Thakur

**Ans- (d) Anurag Thakur**

Union Information and Broadcasting Minister Anurag Thakur released three books. In which some rare photographs of outgoing President Ram Nath Kovind and the Presidents before him have been displayed. According to a tweet by Rashtrapati Bhavan, the books were released during a function at Rashtrapati Bhavan.

**Q.10 What is the rank of India in the World Athletics Championships 2022?**

(a) 35th (b) 26th
(c) 33rd (d) 31st

**Ans- (c) 33rd**

World Athletics Championships 2022 has ended, which was held in Eugene and Oregon, United States. This was the 18th edition of the championship. Players from America had a great run at the championship and topped the medal tally. He bagged a total of 33 medals. America won the most gold (13), silver (9) and bronze (11) medals.